# अमर उजाला jobalert

चाहे सरकारी क्षेत्र हो या प्राइवेट, देश में नौकरियों की कोई कमी नहीं है। जरूरत बस इतनी है कि समय रहते युवाओं को इनकी जानकारी मिलती रहे। **ऐसी ही कुछ नौकरियों पर एक नजर-**

## विभिन्न पदों पर नियुक्ति

### संघ लोक सेवा आयोग

- **कुल पद:** 104
- **पद:** इकोनॉमिक ऑफिसर, एग्जामिनर, मैनेजर, सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर व अन्य
- **शैक्षिक योग्यता:** पदों के अनुसार अलग-अलग
- **आयु सीमा:** अधिकतम30/35/40/45 वर्ष (पदानुसार)
- **अंतिम तिथि:** 31 मार्च, 2016
- **ऑनलाइन आवेदन:** www.upsc.nic.in
- **आवेदन शुल्क:** सामान्य व ओबीसी वर्ग के लिए 25 रुपये और महिलाओं समेत एससी/ एसटी/ निःशक्तजन के लिए आवेदन निःशुल्क।

**ऐसे करें आवेदन:** इन पदों पर आवेदन ऑनलाइन किए जाएंगे। आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवार संबंधित वेबसाइट पर दिए गए निर्देशों के अनुसार आवेदन की प्रक्रिया को पूरा करें।
**चयन प्रक्रिया:** आवेदकों का चयन रिक्रूटमेंट टेस्ट एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

## डिप्लोमा ट्रेनी बनने का मौका

### पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

- **कुल पद:** 40
- **पद:** डिप्लोमा ट्रेनी
- **शैक्षिक योग्यता:** 70 प्रतिशत अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा
- **आयु सीमा:** अधिकतम 27 वर्ष
- **आवेदन की अंतिम तिथि:** 28 मार्च, 2016
- **ऑनलाइन आवेदन:** www.powergridindia.com
- **आवेदन शुल्क:** सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 300 रुपये, जबकि अन्य वर्ग के लिए निःशुल्क।

**ऐसे करें आवेदन:** आवेदन पत्र के निर्धारित प्ररूप को भरें व महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संलग्न कर 'द डीजीएम (एचआर)/ एचओपी, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, डब्ल्यूआरटीएस-I, रीजनल हेडक्वॉर्टर्स, संप्रित नगर, नारी रिंग रोड, पीओ उपलवाड़ी, नागपुर-440026' के पते पर भेजें।

### fact file

| | |
|---|---|
| 270 पद यूपीएससी के जरिये भरे जाएंगे | 72 पद राजस्थान हाई कोर्ट में सिविल जज के |
| 43 पद डिस्ट्रिक्ट हेल्थ सोसाइटी, तेलंगाना में | 20 पद उत्तर बंग कृषि विश्वविद्यालय में रिक्त |

## असिस्टेंट मैनेजर के पद रिक्त

### एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

- **कुल पद:** 10
- **पद:** असिस्टेंट मैनेजर
- **शैक्षिक योग्यता:** मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से किसी भी स्ट्रीम में एमबीए डिग्री, लेकिन संबंधित क्षेत्र में अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- **आयु सीमा:** अधिकतम 35 वर्ष (01 मार्च, 2016 से मान्य)
- **अंतिम तिथि:** 21 मार्च, 2016
- **ऑनलाइन आवेदन:** www.lichousing.com

**ऐसे करें आवेदन:** इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवार निर्धारित वेबसाइट पर जाएं। वेबसाइट पर मौजूद 'Careers' बटन पर क्लिक कर 'Recruitment Of Assistant Manager' पर क्लिक करें और मांगी गई सभी जानकारियों और फोटो को लगाकर 'सबमिट' बटन पर क्लिक करें।
**चयन प्रक्रिया:** एलआईसी हाउसिंग के नियमानुसार।

## 10वीं पास के लिए नौकरी

### हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय

- **पद:** चपरासी
- **शैक्षिक योग्यता:** 10वीं पास
- **आयु सीमा:** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के नियमानुसार
- **आवेदन की अंतिम तिथि:** 28 मार्च, 2016
- **वेबसाइट:** hphighcourt.nic.in

**ऐसे करें आवेदन:** निर्धारित पदों पर ऑफलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार आवेदन करने के लिए संबंधित वेबसाइट से आवेदन पत्र के निर्धारित प्रारूप को डाउनलोड कर उसे भरें। पूर्णरूप से भरे हुए आवेदन पत्र को 'द रजिस्ट्रार जनरल, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय, शिमला-171001' के पते पर निर्धारित माध्यम से भेजें।
**नियुक्ति का आधार:** इन पदों पर नियुक्ति दैनिक भत्ते के आधार पर की जाएगी।

## आज का सवाल

**मैंने पीसीएम से 12वीं की है तथा भूगोल और अर्थशास्त्र से बीए किया है। मैं आईएएस की तैयारी के लिए विषय चयन को लेकर दुविधा में हूं? -मनोज नंद**

**जबावः** संघ लोक सेवा आयोग यानी यूपीएससी आईएएस, आईएफएस और आईपीएस अधिकारियों की भर्ती के लिए हर साल तीन स्तरीय अखिल भारतीय परीक्षा का आयोजन करता है। इस परीक्षा में बैठने के लिए आपके पास सरकार से मान्यताप्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री होना आवश्यक है। इसके अलावा आपकी न्यूनतम आयु 21 वर्ष होनी चाहिए। इस परीक्षा की तैयारी के लिए जीएस, सीसैट और एक वैकल्पिक विषय की तैयारी करनी होती है। विषयों के मूलभूत ज्ञान के लिए एनसीईआरटी की कक्षा 8-11 तक की पुस्तकों का नियमित अध्ययन जरूरी होता है। साथ ही करंट अफेयर्स से जुड़ी जानकारी के लिए आप हिंदी और अंग्रेजी के राष्ट्रीय समाचार पत्रों का नियमित अध्ययन करें।

अपने सुझाव और सवाल हमें ईमेल jobalert@amarujala.com पर भेजें।

नैनो तकनीक पर आयोजित कांफ्रेंस के समापन पर बोले वीसी

# राष्ट्र का नेतृत्व करेगा एएमयू

अमर उजाला ब्यूरो



कांफ्रेंस के समापन समारोह में छात्रा को सम्मानित करते कुलपति।

**अलीगढ़।** एएमयू कुलपति जमीरउद्दीन शाह ने कहा कि नई तकनीकी क्रांति में एएमयू राष्ट्र का नेतृत्व करेगी। मंगलवार को वे एएमयू में नैनो तकनीक पर आयोजित चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कांफ्रेंस में 14 टेक्निकल सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें नैनो हर्बल, यूनानी औषधि, स्वास्थ्य देखभाल, ऊर्जा, खाद्य, कृषि एवं जल आदि शामिल है। कुलपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान अवगत कराया था कि किसानों की दुगनी आमदनी में नैनो तकनीक की अहम भूमिका होगी। इस कांफ्रेंस में अमेरिका, रूस, चीन, बंग्लादेश समेत अन्य कई देशों प्रतिनिधि शामिल हुए। ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण करने वाले एएमयू के चार छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सह कुलपति सैयद अहमद अली, प्रो. अनिल प्रधान, प्रो. सुल्ताना नाहर, प्रो. वसी हैदर, प्रो. आलिम हुसैन नकवी आदि मौजूद थे। ओरल प्रजेन्टेशन और पोस्टर प्रदर्शन में कश्मीर की सुविया समद, एएमयू के बिलाल अहमद, शिमला विवि की अनीता और एएमयू की निदा रहमान को पुरस्कृत किया गया।

## अंबेडकर विविः फीस बनी चुनौती, 3.10 लाख छात्र बाकी

**आगरा।** डा. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय प्रशासन के लिए कालेजों से फीस जमा कराना चुनौती बना हुआ है। अल्टीमेटम के बावजूद 300 में से सिर्फ 35 कालेजों ने ही फीस जमा की है। अभी तक 265 कालेज के 3.10 लाख विद्यार्थियों की फीस बकाया है। एक मार्च से परीक्षाएं टलने के बाद 11 मार्च नई तिथि जारी की थी। इसमें शुल्क जमा न करने वाले कालेज भी शामिल थे। जानकारी पर कर्मचारियों ने विरोध जताते हुए जबरदस्त हंगामा किया। और शुल्क लेने के बाद ही इनकी परीक्षाएं कराने की मांग रखी। ऐसे में कुलपति को परीक्षाएं दोबारा टालनी पड़ी। विवि के मुताबिक 3.13 लाख छात्रों पर करीब 85 करोड़ रुपया बकाया था। शुल्क जमा करने के लिए अंतिम तिथि 20 मार्च है। अभी तक तीन लाख छात्रों का शुल्क ही जमा हो सका है। परीक्षा नियंत्रक केएन सिंह का कहना है कि अंतिम तिथि तक शुल्क जमा न करने वाले कालेजों के छात्र परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे।

### कर्मचारी-कॉलेज संचालक आमने-सामने

कर्मचारियों का एलान है कि शुल्क जमा न करने वाले कालेजों की परीक्षाएं नहीं होने दी जाएंगी। कालेज संचालकों ने मार्कशीट न मिलने तक शुल्क न देने की बात कही है। कर्मचारी और कालेज संचालक आमने-सामने आ गए हैं। कर्मचारी अध्यक्ष अखिलेश चौधरी का कहना है कि शुल्क जमा कराने के प्रयास में ही परीक्षा विभाग के वरिष्ठ सहायक सतेंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी। बिना शुल्क परीक्षाएं कराईं तो प्रदर्शन करेंगे। सेल्फ फाइनेंस एसोसिएशन अध्यक्ष बृजेश चौधरी का कहना है कि कालेजों की लाखों मार्कशीट बकाया हैं, मार्कशीट मिलने पर ही फीस जमा की जाएगी।

## सीबीएसई 12वीं के कठिन गणित पेपर का मुद्दा लोकसभा में उठा

- कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने शून्यकाल के दौरान उठाया
- एआईएडीएमके सांसद एसआर विजय कुमार ने किया समर्थन

**नई दिल्ली।** सीबीएसई 12वीं के गणित के कठिन पेपर का मुद्दा मंगलवार को लोकसभा में उठा। दो सांसदों ने कहा कि सीबीएसई की परीक्षा में कक्षा 12वीं के गणित का पेपर कठिन और बेहद लंबा था। उन्होंने सरकार से मामले में गौर करने की अपील की। केरल के अलाप्पुझा निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के सांसद केसी वेणुगोपाल ने मामले को उठाते हुए कहा कि सीबीएसई की परीक्षा में 12वीं कक्षा के गणित का पेपर इतना कठिन और लंबा था कि छात्रों के आंखों से आंसू निकल आए।

शून्यकाल के दौरान उन्होंने कहा कि गणित का यह पेपर काफी लंबा था। ज्यादातर सवाल सिलेबस के बाहर से आए थे। पेपर के सवाल बेहद पेचीदे थे, जिनको समय पर हल करना छात्रों के लिए मुश्किल था। उन्होंने कहा कि इस तरह के कठिन पेपर बनाने से बचा जाना चाहिए। वेणुगोपाल ने कहा, 'मैं सरकार से परीक्षा पर गौर करने और जरूरी कदम उठाने की अपील करता हूं।' इस पर वेणुगोपाल का समर्थन करते हुए एआईएडीएमके सांसद एसआर विजय कुमार ने भी कहा कि काफी छात्रों को पेपर लंबा लगा और वे समय पर इसको हल नहीं कर पाए। उन्होंने मानव संसाधन मंत्री से मामले में गौर करने और सीबीएसई से मूल्यांकन में उदारता दिखाने के लिए कहने की अपील की। **एजेंसी**

## नहीं हुई सुनवाई तो टंकी पर चढ़ गया छात्र

**आगरा (ब्यूरो)।** भ्रष्टाचार, मार्कशीट में त्रुटियां जैसी समस्याओं के लिए भूख हड़ताल के आठवें दिन छात्रों का धैर्य जवाब दे गया। 12 सूत्रीय मांगों पर विश्वविद्यालय प्रशासन के ढुलमुल रवैये से आजिज एक अनशनकारी मंगलवार की सुबह परिसर स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गया।


**Food Craft Institute, Aligarh**
**University Polytechnic Campus, AMU, Aligarh**

Ref.No.18/NIT/TFM/FCIA Dated:14.03.16
Ref.No.19/NIT/STN/FCIA Dated:14.03.16
Ref.No.20/NIT/TLK/FCIA Dated:14.03.16

**Notice**

Sealed tenders are invited up to 28.03.16 for supplying of Training Food Materials, Stationeries and Tool Kits etc with reference to our above given reference Nos. for Regular courses and different schemes running in our Institute.
**Note:** Interested eligible Bidders/Tenderer may obtain further information and inspect the bidding documents from our office or visit our website- www.foodcraftaligarh.com

Sd/-
D.No.838/FCIA/2015-16/Date:14.03.2016 **Actg. Secretary/Principal**






**भारतीय स्टेट बैंक में धन-संपदा प्रबंधन (वेल्थ मैनेजमेन्ट) हेतु विशेषज्ञ अधिकारियों की भर्ती**

**विज्ञापन संख्या : सीआरपीडी/एससीओ-डब्ल्युएम/2015-16/10**

भारतीय स्टेट बैंक में वेल्थ मैनेजमेंट के लिए निम्नालिखित पदों पर नियुक्ति हेतु भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
एक्विजिशन रिलेशनशिप मैनेजर ; रिलेशनशिप मैनेजर; रिलेशनशिप मैनेजर (टीम लीड); जोनल हेड/ सीनियर आरएम-सेल्स; रिस्क ऑफिसर; कंप्लायंश ऑफिसर; इन्वेस्टमेंट काउंसिलर; प्रोजेक्ट डवल्पमेंट मैनेजर-बिजनेस/ टेक्नॉलॉजी; कस्टमर रिलेशनशिप एग्जिक्यूटिव।
पात्रता मानदंड, निबंधन एवं शर्तें और ऑनलाइन अप्लिकेशन हेतु, कृपया बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in -> careers with us** देखें।

| | |
|---|---|
| आवेदन के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और शुल्क के भुगतान की प्रारंभिक तारीख | : **16.03.2016** |
| आवेदन के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और शुल्क के भुगतान की अंतिम तारीख | : **31.03.2016** |
| भारतीय स्टेट बैंक, केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कारपोरेट केन्द्र, मुंबई को ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट अनुलग्नकों के साथ प्राप्त होने की तिथि | : **07.04.2016** |

दिनांक : 16.03.2016 महाप्रबंधक
केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कारपोरेट केंद्र, मुंबई.











